रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 06] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 4, 2019/पौष 14, 1940
No. 06] NEW DELHI, FRIDAY, JANUARY 4, 2019/PAUSHA 14, 1940

## सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**(केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 2 जनवरी, 2019

**फा. सं. एम-12012/03/2017/एसएसडी-III.—**25 सितंबर 2015 को आयोजित संयुक्त राष्ट्र (यू एन) महासभा के 70 वें सत्र में "ट्रांसफार्मिंग आवर वर्ल्ड: द 2030 एजेंडा फॉर सस्टेनेबल डेवेलप्मेंट" नामक दस्तावेज़ को अपनाया गया, जिसमें 17 संवहनीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) और 169 संबद्ध टारगेट्स शामिल हैं। संवहनीय विकास लक्ष्यों का उद्देश्य न केवल निर्धनता के मूल कारणों का समाधान करना है अपितु सभी के लिए गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने हेतु विकास की सार्वभौमिक आवश्यकता को भी संबोधित करना है। एसडीजी वैश्विक लक्ष्यों की एक व्यापक सूची है जिसमें विकास के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय आयामों का समावेश है। देशों की राष्ट्रीय स्तर पर इन लक्ष्यों और टारगेट्स के कार्यान्वयन में हुई प्रगति पर अनुवर्ती कार्यवाही और समीक्षा करने की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

2. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) को संवहनीय विकास लक्ष्यों एवं संबद्ध टारगेट्स की निगरानी के लिए राष्ट्रीय संकेतक ढांचा (एनआईएफ) विकसित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एनआईएफ तैयार किया है जो सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट http://www.mospi.gov.in/sites/default/files/National_Indicator_Framework_6nov18.pdf पर उपलब्ध है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 24.10.2018 के अपने निर्णय के द्वारा राष्ट्रीय संकेतक ढांचे की आवधिक समीक्षा तथा परिष्करण करने के लिए भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् और सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय संचालन समिति (एच एल एस सी ) के गठन का अनुमोदन किया है, जिसमें डाटा स्रोत मंत्रालयों के सचिव तथा नीति आयोग से सदस्य होंगे। उपरोक्त निर्णय के प्रकाश में, एच एल एस सी का निम्नलिखित संरचना और विचारणीय विषयों के अनुसार गठन किया गया है:

**उच्चस्तरीय संचालन समिति (एच एल एस सी ) की संरचना:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भारत के मुख्य सांख्यिकीविद तथा सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय | - अध्यक्ष |
| 2. | सचिव, गृह मंत्रालय | - सदस्य |
| 3. | सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय | - सदस्य |
| 4. | सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | - सदस्य |
| 5. | सचिव, आर्थिक कार्य विभाग | - सदस्य |
| 6. | महानिदेशक (ईएस), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय | - सदस्य |
| 7. | महानिदेशक (एसएस), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय | - सदस्य |
| 8. | महानिदेशक, सर्वेक्षण, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय | - सदस्य |
| 9. | अपर सचिव, नीति आयोग | - सदस्य |
| 10. | अपर महानिदेशक, एसएसडी, सीएसओ, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय | - सदस्य सचिव |

**एचएलएससी के विचारणीय विषय (टीओआर) निम्नानुसार हैं:**

(क) राष्ट्रीय संकेतक ढांचा में अतिरिक्त संकेतकों को जोड़ने, विद्यमान संकेतकों में संशोधन करने या हटाने के उद्देश्य से समीक्षा तथा परिष्करण कार्य।

(ख) नए अतिरिक्त तथा संशोधित राष्ट्रीय संकेतकों की गणना के लिए कार्यप्रणाली पर विचार करना तथा अनुमोदन प्रदान करना।

(ग) राष्ट्रीय संकेतक ढांचा के लिए संकेतकों तथा उनकी कार्य प्रणाली को जोड़ने/हटाने/संशोधन संबंधी सुझाव तथा जांच के लिए महानिदेशक, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की अध्यक्षता में क्षेत्र विशिष्ट उप-समिति, यथा, तकनीकी सलाहकार समिति का गठन करना। तकनीकी सलाहकार समिति की सिफारिश एचएलएससी के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जाएंगी।

(घ) तकनीकी सलाहकार समिति की सिफारिशों के अनुसार जहाँ संकेतकों के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, वहां संकेतकों के लिए आंकड़े एकत्र करने हेतु नए सर्वेक्षणों का सुझाव देना एवं सिफारिशें करना।

3. एनआईएफ पर विचार-विमर्श करने हेतु, आवश्यकतानुसार, समिति किसी अन्य सचिव या उनके प्रतिनिधि को बतौर सदस्य रख सकती है।

4. इसे माननीय मंत्री, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय का अनुमोदन प्राप्त है।

5. यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी ।

अरूण कुमार यादव, संयुक्त सचिव

**MINISTRY OF STATISTICS AND PROGRAMME IMPLEMENTATION**

(CENTRAL STATISTICS OFFICE)

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 2nd January, 2019

**F. No. M-12012/03/2017/SSD-III.—**The 70th Session of the United Nations (UN) General Assembly held on 25th September 2015 adopted the document titled "Transforming our World: the 2030 Agenda for Sustainable Development" consisting of 17 Sustainable Development Goals (SDGs) and associated 169 targets. The SDGs seek to address not only the root causes of poverty but also the universal need for development to provide a life of dignity to all. The SDGs are a comprehensive list of global goals integrating social, economic and environmental dimensions of

development. Countries have the primary responsibility for follow-up and review, at the national level with regard to the progress made in implementing the goals and targets.

2. Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI) has been entrusted with the responsibility of development of National Indicator Framework (NIF) for monitoring of SDGs with associated targets. The MoSPI has developed the NIF which is available at MoPSI`s website at http://www.mospi.gov.in/sites/default/files/National_Indicator_Framework_6nov18.pdf. The Union Cabinet vide its decision dated 24.10.2018 has approved the constitution of a High Level Steering Committee (HLSC) under the chairmanship of Chief Statistician of India and Secretary, MoSPI with the Secretaries of data source Ministries and NITI Aayog as members to periodically review and refine the NIF. In light of above decision, the HLSC is hereby constituted with following composition and terms of reference:

**Composition of the HLSC:-**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | Chief Statistician of India & Secretary, MoSPI | - Chairman |
| (2) | Secretary, Ministry of Home Affairs | - Member |
| (3) | Secretary, Ministry of Health & Family Welfare | - Member |
| (4) | Secretary, Ministry of Environment, Forest & Climate Change | - Member |
| (5) | Secretary, Department of Economic Affairs | - Member |
| (6) | Director General (ES), MoSPI | - Member |
| (7) | Director General (SS), MoSPI | - Member |
| (8) | Director General, Survey, MoSPI | - Member |
| (9) | Additional Secretary, NITI Aayog | - Member |
| (10) | Additional Director General, SSD, CSO, MoSPI | - Member Secretary |

**Terms of Reference (TOR) of HLSC are**

(a) To review and refine the National Indicator Framework with a view to add additional indicators, modify or delete the existing indicators.

(b) To consider and approve the methodology for computation of new additional and modified national indicators.

(c) To constitute sector specific sub-committee *viz.*, Technical Advisory Committee under the chairmanship of Director General, MoSPI, to examine and suggest addition/deletion/modification of indicators and their methodology for National Indicator Framework. The recommendation of the Technical Advisory Committee will be submitted to the Committee for its consideration and approval.

(d) To suggest and recommend new surveys to collect data for the indicators where data is not available on the recommendation of Technical Advisory Committee.

3. The Committee may co-opt any other Secretary or their representative as a member, as necessary, for deliberating on the NIF.

4. This has the approval of Hon`ble Minister of Statistics and Programme Implementation.

5. The notification will come into force with immediate effect.

ARUN KUMAR YADAV, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR
Digitally signed by ALOK KUMAR
Date: 2019.01.07 22:43:24 +05'30'